उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001
दूरभाष/फैक्स: 0522-2235752 फैक्स- 0522-2235806
Web-www.uppbpb.gov.in

सूचना/विज्ञप्ति

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के पदों पर सीधी भर्ती–2018 के अन्तर्गत दिनांक 18–06–2018 व 19–06–2018 को सम्पन्न आफलाइन परीक्षा के प्रश्नों तथा आन्सर–की (उत्तर कुंजी) के सम्बन्ध में आनलाइन आपत्तियां प्राप्त करने के सम्बन्ध में

संख्याः पीआरपीबी–एक–1(132)/2018 दिनांक : जून ,2018

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के पदों पर सीधी भर्ती–2018 के अन्तर्गत दिनांक 18–06–2018 व 19–06–2018 को आयोजित आफलाइन परीक्षा के प्रश्नों तथा आन्सर की बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर दिनांक 28–06–2018 से 30–06–2018 तक प्रदर्शित की जायेगी।

2– अभ्यर्थियों को किसी प्रश्न या किसी प्रश्न के उत्तर विकल्प या उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में कोई विसंगति प्रतीत होती है तो वे अपनी आपत्ति आनलाइन दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थियों को आपत्ति दर्ज कराने हेतु रजिस्ट्रेशन नम्बर व जन्म तिथि की सहायता से लागिन करना होगा।

3– अभ्यर्थी अपनी आपत्ति केवल बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आनलाइन ही दर्ज करा सकते हैं। इससे भिन्न किसी अन्य माध्यम से प्रेषित आपत्तियों, जिसमें रजिस्ट्री, डाक अथवा ई–मेल से प्रेषित प्रार्थना पत्र भी सम्मिलित हैं, पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

4– यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

20/6/18

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।